कार्यालय जिलाधिकारी,झॉसी

प्रेस–विज्ञप्ति

राजस्व विभाग,उत्तर प्रदेश

लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम–झॉसी

परीक्षा का नाम–लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या–177 /7–भूलेख/2015–16

दिनाकः जुलाई,03, .2015

आवेदन पत्र स्वीकार(**SUBMIT**)किये जाने की अन्तिम तिथि– **22 जुलाई 2015**

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि– **21 जुलाई 2015**

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेशपत्र पर उल्लिखित रहेगा,जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

कम	पदनाम	दिनांक 01–07–2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछडी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000)	126	63	27	2	34	माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की इण्टर मीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना में न्यूनतम 2 वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो

1–लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय–समय पर जारी किये गये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा ।

2–दिनांक 01–07–2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। आयु सीमा के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश सेवाओं में भर्ती(आयु सीमा)नियमावली 1972 यथा संशोधित 2012 एवं वर्तमान में प्रभावी नियमों में उल्लिखित व्यवस्था अनुसार छूट प्रदान की जायेगी। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछडा वर्ग के लिये आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा।

इसीप्रकार क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित,उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों,उ0प्र0समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियॉं बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3–आन लाइन फार्म दिनांक 22–07–2015 तक जमा किये जा सकेंगे। अनारक्षित(सामान्य) और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–(+बैंक प्रभार अतिरिक्त)तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/जनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी झॉंसी के पक्ष में देय होगा,जिसका उल्लेख आन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4–प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस सम्बन्ध में कोई भी प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं होगा।

5–परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा। परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के सम्बन्ध में तिथि,समय और परीक्षा एवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउन लोड किया जायेगा,जो कि परिषद की बेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की बेबसाइट http://jhansi.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6–आन लाइन आवेदन का प्रारूप,आफ लाइन परीक्षा सम्बन्धी निर्देश,अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य प्रसांगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण परिषद की बेबसाइट http://bor.up.nic.in पर और जिले की बेबसाइट http:// jhansi.nic.in पर उपलब्ध होगा।

7–लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 के सम्बन्ध में पूर्व में दिनांक 18–06–2015 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिन अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क/फार्म स्वीकार(**SUBMIT**) किये जा चुके हैं उन अभ्यर्थियों द्वारा पुनः परीक्षा शुल्क/फार्म नहीं भरे जायेंगे। उनका अभ्यर्थन इस नयी विज्ञप्ति के लिये भी मान्य होगा।

(अनुराग यादव)
अध्यक्ष,चयन समिति/जिलाधिकारी
झॉंसी।